हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 दिसंबर 2023



06 विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले के सभी ...





07 शासन-प्रशासन-पुलिस के निर्देशों का ...






### अतिथियों ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम पंचायत आमला से हुआ शुभारंभ







### विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आजीविका मिशन की बैंक सखी, लाड़ली लक्ष्मी योजना, यंत्रीकरण योजना के किसान हितग्राही आयुष्मान भारत योजना आदि से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी कही गई। अतिथितयों ने मंच से विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी स्कूली बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सत्येंद्र बैरवा, सीईओ जनपद मोहनलाल स्वर्णकार सहित जिलाधिकारी, योजनाओं में लाभान्वित हितग्राही एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र शासन की योजना की पहुंच को सुगम बनाने, खासतौर पर वंचित एवं आकांक्षी लोगों को योजना का समय पर लाभ देने तथा जन सामान्य में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रदेश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में शनिवार को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इसी श्रृंखला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय शुभारंभ ग्राम पंचायत आमला में आईईसी वैन को अतिथियों द्वारा हरीझंडी दिखाकर किया गया।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक जिले के सभी नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतो में पहुंचेगी, यात्रा के दौरान सर्वसुविधा युक्त 04 आईईसी वैन शासन की योजनाओ का प्रचार प्रसार करेगी तथा वंचित एवं अपेक्षितों व्यक्तियों को योजनाओं का समयबद्ध लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पंजीयन किया जाएगा। ग्राम आमला में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि विधायक मधु गहलोत, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्नाबाई चौहान, जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर, ओम मालवीय, कैलाश काका, कमलसिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह आदि अतिथियों का पुष्पहार एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूली बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गहलोत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। योजनाओं के लाभ से छूटे हुए व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें लाभान्वित करवाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चौहान ने कहा कि सभी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ ले, शासन द्वारा आपकी हर समस्या के समाधान के लिए योजना बनाई है, जिनका लाभ लेकर आगे बढ़े। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक आयोजित होगी, यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूटचार्ट अनुसार दो ग्राम पंचायत में पहुंचेगी। जहां कार्यक्रम आयोजित होंगे, आयोजित कार्यक्रमों में संबंधित विभाग स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं के लाभ देने की कार्यवाही करेंगे, पात्र व्यक्ति योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इन स्टॉलों पर जाकर अपना पंजीयन करवा सकेंगे। उन्होंने आवाह्न किया की पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओ का लाभ लेने हेतु आगे आए। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअली शुभारम्भ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी पर देखा एवं सुना गया।

### इंदौर-कोटा नेशनल हाइवे पर हुआ हादसा

# सुसनेर में सड़क दुर्घटना में 4 वाहन जलकर खाक, एक व्यक्ति जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



सुसनेर में एक भीषण सड़क हादसा घटित हो गया। दुर्घटना में 4 वाहन जलकर खाक हो गए, साथ ही एक ट्रक का ड्राइवर भी मौके पर ही जलकर खाख हो गया। घटना की जानकारी लगने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। इंदौर-कोटा नेशनल हाइवे पर सुसनेर के मुख्य डाक बंगले चौराहे पर यह हादसा शनिवार देर शाम हुआ। सूचना मिलने पर जिले भर की 6 फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। करीब 2 घण्टे तक यह आग लगी रही।

सुसनेर एसडीएम मिलिंद ढोके से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर कोटा हाइवे पर सुसनेर के मुख्य डाक बंगला चौराहे पर 2 ट्रक आपस में टकरा गए। जिससे ट्रकों में तो आग लगी ही साथ ही समीप खड़े 2 अन्य वाहन, एक कार व एक ट्रक भी आग की चपेट में आ गए। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में फिलहाल एक व्यक्ति का जला हुआ कंकाल मिला है पुलिस मलबा हटाने में जुटी हुई है। सूचना मिलने पर एसपी विनोद कुमार सिंह, एडिशनल एसपी, सुसनेर एडीएम, एसडीओपी सहित सुसनेर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। सुसनेर के मुख्य मार्ग पर इस भीषण हादसे से अफरा-तफरी मच गई, जिले के सभी नगरीय निकायों से फायर ब्रिगेड मौके पर बुलाई गई, फिर भी समय रहते आग पर काबू नही पाया जा सका। आग की लपटों के साथ वाहनों से विस्फोट भी होता रहा। दुर्घटना के कारण करीब 3 घण्टे से भी ज्यादा समय तक हाइवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। साथ ही बड़ी संख्या में रहवासी भी आग लगी घटना को देखने के उमड़ पड़े। घटना में जले ड्रायवर के शव को बमुश्किल बोरे में भरकर निकाला गया।

### भीषण हादसे के बाद एक्शन में आया प्रशासन

आगर मालवा जिले के सुसनेर में शनिवार देर शाम हुए भीषण हादसे के बाद प्रशासन जागा है। इंदौर-कोटा राजमार्ग पर सुसनेर के डाक बंगला चौराहे पर फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही रविवार को शुरू की गई है। कार्यवाही के दौरान सुसनेर तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ तथा टीआई सहित सुसनेर पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। नगर परिषद के अमले ने सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। शनिवार को हुई घटना में प्राथमिक रूप से हादसे का मुख्य कारण चौराहे पर फैला अतिक्रमण, गलत पार्किंग व सड़क का अधुरा निर्माण होना सामने आया था, जिसके चलते प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की।

### विकसित भारत विजन 2047 पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत विजन 2047 पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल ने उपस्थित विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रोजगार सृजन, युवा नीति आदि विषय को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक प्रकाशचन्द्र शर्मा द्वारा युवाओं को योजना के विजन पर प्रकाश डाला गया।सभी प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन गूगल फॉर्म जमा कर शपथ दिलाई गई तथा प्रमाण पत्र भी डाउनलोड करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश पाटीदार ने किया एवं आभार सुरेश दासावत ने माना। इस अवसर पर मेंटर कमलेश शर्मा, बलराम सिंह सिसोदिया, निर्भय सिंह गुर्जर और सभी छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का विमोचन

### कैलेंडर का समाजजन में निशुल्क वितरण किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



वर्ष 2024 के लिए वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के कैलेंडर का विमोचन नलखेड़ा में किया गया। उक्त कैलेंडर का विमोचन मां बगुलामुखी मंदिर में विधायक भेरोसिंह परिहार बापू की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस बहुरंगी कैलेंडर में पंचांग हिंदी तिथि शुभ मुहूर्त बार त्यौहार आदि की जानकारी के साथ-साथ प्रदेश के प्रत्येक तहसील में निवासरत वहां की महिला युवा एवं मुख्य इकाई के अध्यक्ष गण के नाम एवं मोबाइल नंबर दिए गए हैं। जिससे कि किसी भी व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर संबंधित तहसील से सीधा संपर्क किया जा सके। इस बहुरंगी कैलेंडर का समाजजन में निशुल्क वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर युवा इकाई आगर के जिला अध्यक्ष विपिन लड्डा, चतुर्भुज महेश्वरी, कैलाश जैन सुसनेर वाले, आशीष जैन, रजनीश शेट्टी , नवीन पंडिया, रामु खंडेलवाल, प्रशांत सकलेचा, सुरेश पाटीदार, गिरीश जैन आदि समाजजन उपस्थित हुए।

### भंडारे का आयोजन किया

# अलीजा बहादुर देव स्थान पर नाग दिवाली पर प्रतिमाओं का किया आकर्षक व मनमोहक श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के कचनारिया रोड स्थित अति प्राचीन अलीजा बहादुर देव स्थान पर नाग दिवाली के पावन पर्व पर विराजित प्रतिमाओं का आकर्षक व मनमोहक श्रृंगार किया गया। जहां प्रातः काल से भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे और विराजित प्रतिमाओं के आलौकिक श्रृंगार के दर्शन किए। मंदिर के सेवक बालचंद राठौर ने बताया कि नागदिवाली को लेकर मंदिर में स्थित प्रतिमाओं के साथ नाग देवता की मूर्ति का आकर्षक श्रृंगार किया गया व मंदिर के गर्भगृह परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई। उन्होंने बताया कि नागदिवाली पर्व पर रविवार को देव स्थान पर प्रातः काल में विशेष पूजा-अर्चना व हवन किया गया।आरती के उपरांत सभी भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामों व प्रदेश के कई स्थानों से भक्त जनों ने भाग लिया।





### ब्ल्यू बर्ड स्कूल में छात्रों ने अनोखे तरीके से सीखा मुद्रा विनियम

# चुन्नू मुन्नू आओ सब्जियां ले लो, बच्चों ने स्कूल में मुद्रा के बदले चीजें खरीदना सीखा

**सीहोर।** मुद्रा अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं के विनिमय का एक माध्यम है। अलग-अलग सिक्कों और कागजी मुद्रा का अलग-अलग मूल्य होता है। बच्चों को वस्तुओं और सेवाओं के बदले में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न सिक्कों और कागजी मुद्रा के नाम और मूल्यों को पहचानने की क्षमता की आवश्यकता होती है। इसके अलावा उन्हें गुणा सीखना भी जरूरी है जो बाजार में खरीदारी करने में काम आता है। ये दोनों पाठ ब्ल्यू बर्ड स्कूल में बाजार लगाकर बच्चों को बड़े ही अनूठे और आकर्षक तरीके से सिखाए गए। स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं के लिए, उनके शिक्षकों ने 6 अलग-अलग उत्पाद की दुकानों के साथ एक बाज़ार स्थापित किया। छात्रों को नकली पैसे दिए गए और स्कूल के सीनियर छात्रों को दुकानदार बनाया गया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्र अपने वरिष्ठों और शिक्षकों की मदद से मुद्रा विनियमन का पाठ पढ़ा। उनके लिए खिलौने, फल, खेल का सामान, किराना और स्टेशनरी की दुकानें लगाई गईं। इसके अलावा सब्जी का ठेला भी बनाया गया जो छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। ठेले पर सब्जी बेच रहे छात्र अथर्व सिटोके बेहद मनमोहक अंदाज में बच्चों से गाते दिखे, ₹आओ बच्चों देखो सब्जी वाला आया है, चुन्नू-मुन्नू आओ सब्जी ले जाओ।₹ स्कूल की शिक्षिका हिना घावरी, राधिका बुंदेला, अरीबा बेग, शिवानी चौहान और आयुषी शर्मा ने छात्रों के लिए बाजार स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले टूटे, कई क्विंटल अनाज पर हाथ साफ, तीन दिन में दूसरी ऐसी घटना

**सीहोर।** नगरीय क्षेत्र सीहोर में चोर अब शासकीय उच्चतर मूल्य दुकानों पर भी चोरी करने लगे हैं। बीते तीन दिनों में चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया है।

जानकारी के अनुसार चोर अब गरीबों के राशन पर भी डाका डालने लगे है। तीन दिन पहले राजाबाग कालोनी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले चटकाकर चोर 3 क्विंटल चावल ले गए थे। अब शुक्रवार रात एक बार फिर चोरों लेबर कालोनी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले चटकाकर कई क्विंटल अनाज पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में दुकान संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।



### श्रद्धासुमन अर्पित किए

# पूर्व मंत्री जोशी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ



**नलखेड़ा।** प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री व सुसनेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे स्व. हरिभाऊ जोशी की चौदहवीं पुण्यतिथि पर रविवार दोपहर 2 बजे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम मस्ताना, नगर परिषद नलखेड़ा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम राठौर, नगर परिषद बड़ागांव के पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव, अशोक गुप्ता, पीयूष मित्तल, दिलीप खंडेलवाल, मनोज गायरी, योगेंद्र मकवाना, मुरली खंडेलवाल, दिनेश धूपिया, जयनारायण यादव कप्तान , गिरिराज गोयण, प्रेम बैरागी सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता व नागरिकों द्वारा स्व. जोशी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

### नगर में स्थान-स्थान पर नगरवासियों ने कलश पूजन किया

# राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली गई। स्थान- स्थान पर नगरवासियों तथा मातृशक्ति द्वारा कलश का पूजन किया ग या। चौक बाजार में धर्म सभा का आयोजन हुआ जहां पर कार सेवकों का सम्मान भी किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में रविवार को दोपहर 2 बजे से तीर्थ यात्री विश्राम गृह परिसर से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आये अभिमंत्रित अक्षत व कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आगे-आगे अश्व पर सवार युवा धर्म ध्वजा लिए हुवे थे। बैंड की धुन पर युवा जय श्रीराम के जयघोष के साथ नृत्य करते चल रहे थे।



शोभायात्रा में एक सुसज्जित रथ पर राम दरबार की झांकी बनी हुई थी। एक अन्य सुसज्जित रथ पर अक्षत कलश रखे हुए थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी जो ढोलक की थाप पर नृत्य करते चल रही थी। बड़ी संख्या में पुरुष भक्त भी शामिल थे। शोभायात्रा मार्ग पर भक्तों द्वारा स्थान - स्थान पर अक्षत कलश का पूजन किया गया। स्थान-स्थान पर मंच बनाकर नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा मां बगलामुखी मंदिर रोड़ से शिवाजी चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज, गणेश चौराहा होते हुए चौक बाजार पहुंची। जहां धर्मसभा का आयोजन हुआ।

धर्म सभा को विहिप के जिला मंत्री विनोद कौशल ने संबोधित करते हुए आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए आव्हान किया गया। विहिप के जिला उपाध्यक्ष किशोर बैरागी ने बताया कि आगामी जनवरी माह में होने वाले श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने एवं स्थानीय स्तर पर हर्षोल्लास से आयोजन करने के लिए जिले के समस्त 519 ग्रामों व नगरीय केंद्रों पर घर-घर पहुंचकर पीले चावल देकर आमंत्रण देने के कार्यक्रम के चल रहे हैं। समापन अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कारसेवकों का सम्मान भी किया गया।



**खबर संक्षेप**

## राजाराम नगर में भंडारा व खाटू श्याम संकीर्तन आज

**देवास।** मां आशु महारानी के 8वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खाटू श्याम जी का भव्य दरबार, अखण्ड ज्योत, छप्पन भोग एवं संकीर्तन का आयोजन होने जा रहा है। आयोजक कुसुम कुशवाह ने बताया कि राजाराम नगर में 18 दिसम्बर को माँ आशु महारानी की पूजा-अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ दोपहर 12 बजे से भण्डारा होगा। शाम 7 बजे खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजेगा, अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की जाकर बाबा को छप्पन भोग लगाया जाएगा। सुप्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री द्वारा बाबा श्याम के सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। आयोजक कुशवाह परिवार ने नगर के समस्त श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त आयोजन में हिस्सा लेकर प्रसादी ग्रहण कर खाटू श्याम संकीर्तन का लाभ लेने की अपील की है।

## सड़क हादसे में घर लौट रहे अधेड़ की मौत

**देवास।** सड़क हादसे में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। अधेड़ सिंचाई करने के बाद अपने घर लौट रहा था। तभी पाड़ल्या फाटे पर एक कार चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।रविवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार रात को कैलाश (52) बाइक लौट रहा था तब ही ये हादसा हुआ। व्यक्ति मजूदरी का काम करता था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

### जिले में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर शुरू हुई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को केंद्र की योजनाओं का दिलाया जाएगा लाभ



ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। जिले में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुए। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं लाभ दिलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी, ब्लॉक स्तर के अधिकारी, विभाग-वार कर्मचारी और शहरी निकायों में अभियान के समन्वय के लिए समितियों का गठन किया गया है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। जिसमें जागरूकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टीलाइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विदयालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत बैहरी से प्रारंभ हुई संकल्प यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

पूरे भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते रविवार के दिन जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत बैहरी से इस यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ राजू मैडा, सांसद प्रतिनिधि कमल जायसवाल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ,सरपंच हुकम चंद बछानिया ,नारायण मेश्रा, प्रवीण चौधरी, संतोष पाटीदार, अशोक पाटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सोनू पाटीदार, पवन राठौड़, रमेश उपाध्याय की उपस्थिति में मां सरस्वती का पूजन कर इस यात्रा का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जनपद सीईओ राजू मेंढ़ा ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। इस यात्रा के माध्यम से सभी प्रशासनिक कार्यालय आपके द्वारा पहुंच रहे हैं, और शासन द्वारा चलाए जा रही योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को देना ही हमारा उद्देश्य है। यात्रा में ही हितग्राहियों के आवेदन लिए जा रहे हैं, जिन पर उचित कार्रवाई कर उन्हें लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, सहित अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए। जहां पर सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही सरकार की योजनाओं के माध्यम से लाभ लेने वाली हितग्राही ज्योति चौधरी द्वारा भी अपना अनुभव आम जनता के बीच व्यक्त किया गया। इस दौरान ग्राम बैहरी के समीप स्थित कांगरिया देव स्थल पर सौंदर्यीकरण व सेवा देने वाले भक्त शांतिलाल पाटीदार का पंचायत की ओर से अभिनंदन किया गया। वहीं प्रतिदिन गांव में प्रभात फेरी निकालने वाले भक्त प्रभु लाल चौधरी का भी पंचायत की ओर से अभिनंदन किया गया। बता दे कि जनपद द्वारा ग्राम पंचायत बैहरी के सरपंच को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

### विधायक ने किया सम्बोधित

यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर विधायक मुरली भंवरा के उपस्थित नहीं होने पर उनके द्वारा सभी ग्रामीणों को कार्यक्रम के दौरान फोन पर ही संबोधित किया गया। बता दे की उज्जैन में आवश्यक बैठक आयोजित होने के कारण वह कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो पाए। स्वागत भाषण गोविंद यादव ने दिए। कार्यक्रम का संचालन उप सरपंच लखन दांगी द्वारा किया गया। आभार सहायक सचिव मनोज यादव ने व्यक्त किया।

# 19 फरवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हाटपीपल्या

रविवार को सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज छात्रावास हाटपीपल्या में बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं की सर्वसहमति से तय किया गया कि 19 फरवरी 2023 को सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा। सभी ने सर्वसहमति से सामाजिक तहसील अध्यक्ष भादरसिंह आगुर्ली को एवं छात्रावास अध्यक्ष अशोक पटेल कप्तान को नियुक्त किया। आदर्श विवाह समिति अध्यक्ष चेतनसिंह गोपीगुराडिया को एवं सचिव नरेंद्रसिंह फौजी बिंजूखेडा को एवं मीडिया प्रभारी गोविंद सिंह भटोनी को नियुक्त किया गया। बैठक में पिछले अक्षय तृतीया विवाह समारोह का आय व्यय पूर्व सचिव राजकुमार सिंह गोपीगुराडिया ने प्रस्तुत किया। आभार विवाह समिति के पूर्व अध्यक्ष मनोहर सिंह भटोनी ने माना।



**जैन का हुआ निधन:** चापडा। नगर निवासी डॉ. प्रेमचंद जैन व अनिल, सुशील की माता, कपिल की दादी पतंगबाई धर्मपत्नी स्व. जवरीलाल बागरेचा जैन का रविवार को निधन हो गया है। जिनके निधन पर विधायक मुरली भंवरा,जनपद सदस्य राजेश दुग्गड, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कमल मस्कोले,डा जेसी यादव,रघुनाथ सिंह चौहान, बलवान सिंह सेंधव, राकेश यादव, संतोष कुमार जैन, धर्मेंद्र जैन,प्रेम वर्मा , जितेंद्र पाटीदार ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्याज के रोप की फसल हो रही खराब

## किसानों को उठाना पड़ रहा भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

इस वर्ष रबी फसल सीजन के दौरान फसलों के अनुसार अनुकूल मौसम ना होने के कारण फसलों में काफी नुकसान देखने को मिल रहा है। विगत दिनों हुई मावठे की बारिश एवं एक हफ्ते से अधिक समय तक आसमान में छाए रहे बादल व कोहरे के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जिस प्रकार से फसलों कि ग्रोथ होना चाहिए ऐसी फसलों में ग्रोथ देखी नहीं जा रही है। लगातार बीमारियों से फसले घिर रही है। खासकर प्याज के रोप में किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों का कहना है कि महंगे दाम में प्याज का बीज लेकर रोप तैयार किया था, लेकिन अनुकूल मौसम ना होने के कारण पहली बार देखने में आया है कि सारा रोप खराब हो गया है। प्याज की रोंपाई के लिए अब किसानों को रोप नहीं मिल पा रहा है। जिसमें किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही प्याज की फसल भी प्रभावित होगी। किसानों ने बताया कि मौसम अनुकूल न होने के कारण साथ ही गेहूं, चना व अन्य फसलों में इल्लियों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है।महंगे दामों की दवाइयों का छिड़काव किसानों को करना पड़ रहा है,जो की एक अतिरिक्त खर्च किसानों पर बढ़ गया है। किसान सालगराम पाटीदार ने बताया कि उन्होंने व उनके भाईयों ने लगभग 30-35 किलों बीज डाल कर प्याज का रोप तैयार किया था, लेकिन मौसम कि मार से पुरा रोप खराब हो गया है। इस प्रकार लगभग 50 प्रतिशत किसानों का प्याज का रोप खराब हो गया है।

### पेंशनर दिवस पर जिले के वयोवृद्ध पेंशनर पंडित का सपत्निक सम्मान

**देवास।** अंतर्राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर पेंशनर संघ जिला देवास ने मुखर्जी नगर निवासी 95 वर्षीय पूर्ण स्वस्थ सन 1990 में प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त सुरेन्द्र कुमार पंडित तथा 90 वर्षीय उनकी पत्नी मधुकांता पंडित का शॉल श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके दामाद सेवानिवृत्त एसडीओ छत्तीसगढ सुरेन्द्र कमार दुबे तथा उनकी पुत्री प्रमिटा एवं उनकी दो अन्य पुत्रियां भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर जिला पेंशनर संघ के जिला सचिव अरविंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी, तहसील अध्यक्ष छोटेलाल माली, कार्यकारी तहसील अध्यक्ष अनिल नागर आदि उपस्थित थे।

# 25 दिसंबर से शुरू होगी भागवत कथा 31 को होगा 61 जोड़ों का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

हमेशा से सामाजिक क्षेत्र में अग्रसर रहने वाले दिलीप अग्रवाल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ एवं निःशुल्क विवाह समारोह का आयोजन करने जा रहे है। उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को पुराने पुल के पास, ज्योति कालोनी, क्षिप्रा में बैठक सम्पन्न हुई। घनश्याम मोदी एवं रूख्मणि परमार ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार होने वाले दिव्य आयोजन को लेकर की गई बैठक में निःशुल्क विवाह समारोह में शामिल होने वाले जोड़ों के परिजनों को आमंत्रित किया गया। वर-वधु के परिजनों को विवाह समारोह की रूपरेखा के बारे में बताया। साथ ही कथा के लिए भी आमंत्रित किया। भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का शुभारंभ 25 दिसंबर को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा के साथ होगा। संत श्री मोहित नागर के श्रीमुख से होने वाली कथा में धुंधकारी मोक्ष एवं बिहारी श्री दर्शन, कुंती स्तुति, सुखदेव आगमन, ब्रिजरानी दर्शन, श्रीराम जन्मोत्स्व, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्ण बाललीला एवं गोवर्धन दर्शन, कंश मर्दन, रूख्मणी मंगल प्रसंग, सुदामा चरित्र आदि सचित्र प्रसंग होंगे। कथा की पूर्णाहुति 31 दिसम्बर को होगी। पूर्णाहूति के दिन 61 जोड़ों का निःशुल्क विवाह होगा। जिन्हें उपहार स्वरूप आयोजक द्वारा बर्तन, गोदरेज, श्रृंगार अलमारी, सिंगल बेड, टी-टेबल आदि दिए जायेंगे। साथ ही प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक महाप्रसादी (भण्डारा) होगा। कथा की पूर्णाहुति पर करीबन 15 हजार से अधिक श्रद्धालु जन सम्मिलित होंगे।

### नगर निगम के फायर इंस्पेक्टर चंदेल ने दी दमकल की जानकारी

# जय हिंद सखी मंडल ने जानी आपातकालीन सेवा की प्रक्रिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

अग्नि की खोज मनुष्य द्वारा की गई सबसे बड़ी खोजों में से एक है। मनुष्य के विकास का मूल आधार अग्नि हैं अग्नि मनुष्य के लिए वरदान भी है और अभिशाप भी है। आग कई प्रकार की होती है। जैसे ठोस पदार्थों की आग। इसमें लकड़ी, कोयला, कागज और कपड़े आदि आते हैं। यह आग पानी से बुझाई जा सकती है। एक अन्य प्रकार की आग तरल आग होती हैं जैसे तेल आदि की आग। यह आग पानी से नहीं बुझाई जा सकती है क्योंकि तेल का घनत्व पानी से कम होता है अतः तेल पानी के उपर तैरता रहता है और तेल की आग बुझ नहीं पाती है। इसी प्रकार एक गैसीय आग होती है जैसे एलपीजी और सीनएजी से लगी आग। ये भी पानी से नहीं बुझती है क्योंकि गैसों का घनत्व तो पानी से बहुत कम होता है। अतः द्रव एवं गैसीय पदार्थों की आग बुझाने के लिए सूखा रासायनिक पावडर, फोम और कार्बन डाइआक्साइड जैसे पदार्थों का उपयोग किया जाता हैं ये पदार्थ आग के उपर एक परत बना लेते है जिससे जलने वाली वस्तु का आक्सीजन से संपर्क टूट जाता है और आग बुझ जाती है। आग के तीन तत्व होते हैं, तापमान, आक्सीजन और ईंधन। इन तीन में से एक को भी नियंत्रित कर लें तो आग बुझ जाएगी। पराली जलाना भी आग लगने का एक बड़ा कारण हो सकता है। घर में आग से सुरक्षा के लिए गैस की नली को समय समय पर बदल लेना चाहिये। बिजली के उपकरणों में मात्रा से अधिक बिजली का प्रवाह नहीं होना चाहिए। अन्यथा शार्ट सर्किट से आग लग सकती है। जय हिन्द सखी मंडल की सदस्यों को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए नगर निगम के फायर इंस्पेक्टर अनुभव चंदेल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आग बुझाने के लिए कई प्रकार के वाहन होते है जैसे बाइक, फोर व्हीलर ओर बड़ी गाड़ियां। इनका उपयोग समय और परिस्थिति को देखे हुए किया जाता है। ये सभी सामर्थ्य अनुसार अग्निशामक यंत्रों से सुसज्जित रहते हैं। फायर ब्रिगेड का अर्थ एक पूरी यूनिट होता है। जिसमें फायर फाइटर्स और आग बुझाने हेतु विभिन्न पदार्थो के सिलेण्डर होते हैं। एक मल्टीपरपज फायर टेंडर में लगभग 5000 लीटर पानी, कार्बनडाइआक्साइड के सिलेंडर्स, ड्राय केमिकल पावडर्स ओर पाइप तथा रील होती हैं अग्नि पीड़ति घर में एक फायर फायटर ईश्वर का दूत होता हैं वह अपनी जान पर खेलकर दूसरों की जान बचाता है। फायर इंसपेक्टर ने बताया कि कोई भी सूचना मिलने के दो मिनट के अंदर ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी रवाना हो जाती है। एल्युमीनियम से बने विशेष सूट का भी प्रदर्शन किया गया तथा फायर एक्सटिंग विशर की कार्य प्रणाली भी समझाई गई। इस अवसर पर फायर ब्रिगेड के भारतसिंह, राहुल पारखे, सुधांशु शर्मा और दानिश भी उपस्थित थे।

# पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

पूर्व मंत्री जीतु पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमंग सिंगर को नेता प्रतिपक्ष बनने पर देवास के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को बधाई देते हुए अलग अलग तरीके से खुशी मनाई गई।

इस खुशी में शामिल होते हुए इंदिरा गांधी प्रतिमा चौराहा पर एम जहीर शेख व सोनू जे.जे. द्वारा आतिशबाजी की। सोनू जे.जे. ने कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा प्रदान होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि जीतू पटवारी के नेतृत्व से संगठन के कार्य को गति मिलेगी और युवाओं में संगठन के प्रति मजबूती पैदा होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मनीष चौधरी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शौकत हुसैन, एड.सिद्धार्थ महूरकर, सलीम पठान(पटेल), ईशान राना, गोलू मंसूरी, गुलरेज़ के.के., आरिफ मेव, कुद्दुस राष्ट्रीय, गुल्लू मंघानी, गोलू हाजी, अक्षय बाली, शकील लक्की , अमन खन्ना,इरफ़ान मैजिक, वसीम मम्मा इम्तियाज़ भाई, राजेंद्र बेदी,अज्जू ठेकेदार, शुलेम नागोरी, दादू भाई, नावेद सहित देवास के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### बांटे जाएंगे उज्ज्वला योजना के कनेक्शन

**आष्टा।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन बांटना शुरु कर दिया है। इसके लिए नगर के साथ-साथ गांव-गांव में शनिवार शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें इच्छुक महिलाओं से उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। बता दें कि केंद्र सरकार का इन दिनों विकसित भारत संकल्प अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन बांटे जाएंगे। इसके लिए जिले भर में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सरकार की ओर से सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिले में जिला खाद्य व आपूर्ति विभाग को इसका नोडल बनाया गया है। क्षेत्रीय गैस एजेंसी संचालक शिविरों में हितग्राहियों से आवेदन और दस्तावेज लेकर संबंधित पोर्टल पर उनकी एंट्री करेंगे। साथ ही स्वीकृति मिलने के पश्चात हितग्राही निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किया जाएगा। इन गैस कनेक्शनधारियों को प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 450 रुपए में रिफिल सिलेंडर देना शुरू किया है। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि योजना में सामान्यतः अनुसूचित जाति एवं जनजाति, बीपीएल परिवार, पात्रता पर्ची धारी परिवार आदि की महिलाओं को गैस कनेक्शन लेने की पात्रता है।

आम लोगों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# रेन बसेरे में लगा रहता है ताला, ठंड से ठिठुरते लोग फुटपाथ पर गुजार रहे रात

नगर पालिका द्वारा संचिलित होने वाले रेन बसेरे में लटका रहता है ताला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



तापमान में गिरावट के साथ ही सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। इस समय सुबह, दोपहर, शाम हो या फिर रात लोग ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके नगर के नया बस स्टैंड स्थित एकमात्र रेन बसेरा ताले में कैद है। ऐसे में जरूरतमंद को कैसे इसका लाभ मिलता होगा ,ताले से ही अंदाजा लगा सकते हैं। जो लोग रेन बसेरे तक पहुंचते हैं उनको मजबूरी में वापस खाली लौटना पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा इस संबंध में पहले भी निर्देशित कर चुकी है। वही समीप सिविल अस्पताल के बाहर शॉपिंग कंपलेक्स परिसर में अनेक गरीब ठंड में थिटुरते हुए व सोए हुए नजर रोज आते हैं।

आष्टा बस स्टैंड पर कई साल पहले रेन बसेरे का निर्माण किया था। इसका यही उद्देश्य था कि रात में व्यवस्था नहीं होने पर अंजान व्यक्ति आसानी से रुक सकें, लेकिन यह कहने मात्र का रह गया है। वजह रेन बसेरे के गेट पर ताला जड़ा रहता है। हालांकि नगर पालिका की तरफ से जरूर कहा जा रहा है कि रेन बसेरा हर समय खुला रहे ।इसके लिए युवक को तैनात किया गया है, लेकिन फिर क्यों इसमें ताला जड़ा रहता है ।उस पर सवाल खड़े होने लगे हैं। लॉज में रूकने के 500 से 900 रुपए तक देना पड़ते है।

रहवासियों का कहना है कि अंजान व्यक्ति को यदि रात रूकने की नौबत आई और उसे रेन बसेरा में ताला लगा हुआ मिला तो लॉज का सहारा लेना पड़ता है। लॉज में रूकने के 500 से 900 रुपए तक देना पड़ता है। गरीब व्यक्ति को तो इधर उधर ठिठुरते ही रात काटना पड़ती है। बता दे कि बस स्टैंड से प्रतिदिन करीब दो हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। कई बार यात्रियों की बस छूटने के कारण उनको स्टैंड पर ही रात काटना पड़ती है।

### यहां नहीं रेन बसेरा


20 हजार की आबादी वाले जावर नगर में रेन बसेरे की कोई सुविधा नहीं है। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर इस समय सर्दी के मौसम में ज्यादा लोगों को दिक्कत होती है। आमजन को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लोग नगर में रेन बसेरा बनाने की लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि रेन बेसरा बनता है तो जरूर राहत मिल सकती है। नगर पालिका सीएमओ राजेश




कुमार सक्सेना ने बताया कि रेन बसेरा बंद नहीं है बल्कि हर समय आमजन के लिए खुला ही रहता है। इसके लिए एक लडक़े को भी रेन बसेरे में तैनात किया गया है। यदि रेन बसेरा बंद था तो इसकी जानकारी लेता हूं।

# शासन-प्रशासन-पुलिस के निर्देशों का पालन शुरू

मंदिर के शिखर पर लगे लाउडस्पीकर हटाए



**आष्टा।** समिति ने आगे आ कर मंदिरों के शिखर पर लगे लाउड स्पीकर उतारे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य सरकार के द्वारा दिये गये निर्देशो का अक्षरसा पालन करने के लिये कल तहसील में प्रशासन पुलिस ने नगर के सभी धर्म स्थानों के प्रमुखों,सभी धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित की थी और उन्हें धर्म स्थानों से गुम्बद, शिखर पर लगे लाउडस्पीकर, माइक,चिलम आदि को 5 दिनों के अंदर हटाने के निर्देश दिये गये थे । दिये गये निर्देशो का 12 घंटे बाद से ही पालन होना शुरू हो गया। आज प्रातः नगर के प्राचीन शंकर मन्दिर के शिखर पर लगी चिलम मन्दिर के महंत हेमन्त गिरी,मंदिर समिति के सुदीप जायसवाल,विहिप के गोपालदास राठी, चंद्रसिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह राजपूत, अशोक भूतिया,धर्म सोनी, प्रहलाद सिंह भगत मेवाड़ा, सुनील जामलिया, गेंदा लाल विश्वकर्मा,महेश पांचाल,अके सिंह, चंदर सिंह मालवीय,भुरू सोनी, फूलचंद कचनेरिया, सचिन शर्मा, राकेश भावसार,बाबू पांचाल, राजेंद्र वर्मा, पुजारी शैलेंद्र गिरी सहित अन्य सदस्यो की उपस्तिथि में मन्दिर के शिखर पर लगी चिलम उतारी गई। स्मरण रहे कल सम्पन्न हुई बैठक में एसडीएम आनन्दसिह राजावत, एसडीओपी आकाश अमलकर सहित टीआई ने बैठक में उपस्तिथ सभी मंदिर,मस्जिद,सहित अन्य सभी धर्मों के धार्मिक स्थानों के प्रमुख,सभी धर्मों के धर्म गुरुओ को शासन से आये निर्देशो से अवगत कराते हुए सभी को अपने अपने धर्म स्थानों से लगे लाउडस्पीकर, माइक, चिलम आदि स्वेच्छा से हटाने के लिये 5 दिनों का समय दिया था। बैठक में दिए निर्देशो का 12 घंटे बाद ही असर नजर आने लगा है। बैठक में टीआई पुष्पेन्द्र सिंह राठौर ने राज्य शासन गृह विभाग से आये निर्देशो, गाइडलाइन, से सभी को अवगत करा कर सभी को उक्त निर्देशो का पालन करने सहयोग करने की अपील की थी।

## 20 दिसंबर के बाद चलेगी शीतलहर, अंतिम सप्ताह में रहेगा कोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ठंड ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। ठंड के कारण लोग अभी से परेशान है। वही अगर मौसम विभाग की माने तो इस माह के 20 तारीख के बाद शीत लहर चलेगी और अंतिम सप्ताह में कोल्ड डे रहेगा। इस माह का आखिरी सप्ताह काफी सर्द रहने वाला है। विदित रहे कि पश्चिमी विक्षोभ वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से नवंबर का आखिरी सप्ताह काफी सर्द रहा है। इस बीच बारिश के साथ कड़ाके की ठंड की स्थिति बनी हुई है। इससे भी ज्यादा ठंडक दिसंबर के तीसरे और चौथे सप्ताह में रहेगी। दिसंबर के तीसरे सप्ताह से शीतलहर चलना शुरू हो जाएगी, जिसका असर चौथे सप्ताह में भी बना रहेगा। दिसंबर के महीने का आखिरी सप्ताह भी बेहद सर्द रहने वाला है। आखिरी सप्ताह में कोल्ड डे भी रहने की संभावना है।पिछले कुछ वर्षों में दिसंबर के महीने में सर्दी का ट्रेंड मिला-जुला रहा है। पूर्व के वर्षों में दिसंबर में दिन का औसत तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा है। वहीं रात में दिसंबर के महीने में कड़ाके की ठंडक रहती है। दिसंबर में रात का न्यूनतम औसत तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा है। दिसंबर के महीने में बारिश की स्थितियां भी कई बार बनी हैं। इस आधार पर दिसंबर में औसत 5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस बार भी दिसंबर महीने की शुरुआत भी बारिश के साथ ही हुई है।पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिससे दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश की स्थितियां बनी रहने की संभावना है। पहले सप्ताह में धूप कम रहेगी और रात के मुकाबले दिन में ज्यादा ठंडक रहेगी। दूसरा सप्ताह मिला-जुला रहेगा। वहीं तीसरे सप्ताह में शीतलहर चलेगी और रात में ठंडक का असर बढ़ जाएगा। चौथे और आखिरी सप्ताह में भी शीतलहर चलेगी। आखिरी सप्ताह में शीतल दिन रहने की संभावना है, जिसमें न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं।

## निःशुल्क गैस कनेक्शन के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों में आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदिका को निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन करना होगा। हितग्राही पीएमयूवाय योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नजदीकी ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय तथा गैस एजेंसी पर आवेदन फार्म में वांछित दस्तावेज जमा कर ऑयल कंपनी के ओएमसी पोर्टल पर कनेक्शन स्वीकृत उपरांत प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति गृहस्थी, अनुसूचित जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राही, अन्य पिछड़ा वर्ग, अन्त्योदय अन्न योजना, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियां, बनवासी, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत, एसईसीसी गृहस्थी (एएचएल टिन), 14 बिंदुओं के घोषणा पत्र अनुसार गरीब गृहस्थी के हितग्राही पात्र होंगी।

## क्रोध धर्म पुण्य को नष्ट कर देता हैः अभय मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्रोध ही पलभर में व्यक्ति का सब कुछ नष्ट कर देता है। क्रोध सारे धर्म पुण्य को नष्ट कर देता है। प्रभु से विनती करना है तो क्रोध को छोड़ना होगा। आत्मा का स्वभाव क्या है। क्रोध बढ़ना नहीं चाहिए, उसे दवाएं और क्षमा भाव रखें।

णमो सिद्धाणम बोलते हैं, क्षमा करें सभी को। क्रोध को घटाना है। अगर सद्गति में जाना है तो क्रोध को घटाना होगा।अगला भव भी सुधरेगा। क्रोध,मान, माया और लोभ को छोड़कर अच्छे मार्ग पर चले। हमेशा क्षमा भाव रखें। संतों के वचन अम्रत समान है।धन आता है तो मान आता है। उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित मधुर एवं विनम्र वाणी के धनी सरल स्वभावी अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमारी आत्मा में चार दोष अनंत काल से चले आ रहे हैं। णमोकार महामंत्र की आराधना करते हुए चारों कषायों को छोड़े।अभय मुनिश्री ने क्रोध को पाईजन बताते हुए कहा कि अगर आपको प्रभु सेवी करना है तो क्रोध को त्यागना होगा। क्षमावान ,विनम्र बने।परम पूज्य अभय मुनि जी ने कहा कि धर्म के प्रति आस्था श्रद्धा बहुत जरूरी है श्रद्धा के बगैर मोक्ष का महल खड़ा नहीं हो सकता। सम्यक दर्शन कैसे प्राप्त होता है, सम्यक दर्शन प्राप्त करने के लिए शरीर का मोह कम करना पड़ता है। आज के युग में सभी मोह में व्यस्त हैं ।आज के युग में सभी को चार पहिए की कार चाहिए ,जबकि आजकल जीवन में चार तरह के विकार हैं।

## सीजन के बाद भी मंडी की आवक घटी

किसान कम भाव पर उपज बेचने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



थानीय कृषि उपज मंडी में सीजन होने के पश्चात भी आवक का प्रेशर जो होना चाहिए वह एक-दो दिन ही रहा। इन दिनों सीजन की आधी - अधूरी ही आवक हो रही है। मंडी में इस सप्ताह आवक 13 हजार क्विंटल से 15 -17 हजार क्विंटल की हो रही है। किसानों का कहना है कि भाव बढ़ने पर ही हम अपनी उपज विक्रय करने के लिए लाएंगे। जिन किसानों को पैसे की आवश्यकता हैं ,वही किसान अपनी उपज अभी मंडी में नीलामी के लिए ला रहे हैं। मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेश राठौर, सचिव मनोज जैन सुपर ने बताया कि इन दिनों आवक बहुत कम हो रही है। सीजन में पहले इतनी अधिक आवक होती थी कि मंडी में पैर रखने की जगह भी नहीं रहती थी। मंडी में आवक का प्रेशर अवश्य होगा। गुरुवार को मंडी में गेहूं सुजाता 3005 से 4911 , गेंहू लोकवन 2654 से 3201, गेहूं पूर्णा 2520 से 3351,गेहूं मालव राज 2440 से 2520, गेहूं मिल क्वालिटी2391 से 2641,चना कांटा 4275 से 5800,चना मौसमी 5000से 6400,चना सफेद 11701से 14400,चना काटकू 6661से 12400, सोयाबीन पीला 2351से 5951,मसूर 4800 से 5715,राई 4881,मक्का 2022से 2174 रुपए क्विंटल नीलाम हुए। इसी प्रकार फल सब्जी मंडी में प्याज 600 से 3500 एवं लहसुन 10200 से 21500 रुपए क्विंटल नीलाम हुए।

## नगर में निकाले गए अक्षत कलश के चल समारोह का कई जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अयोध्या से आए पूजित अक्षत प्रांत से विभाग और विभाग से जिला जिले से तहसील और तहसील से खंड और खंड से अब प्रत्येक गांव तक अयोध्या से आए पूजित अक्षत हर गांव में निमंत्रण के रूप में पहुंच चुके हैं। इसी अभियान में ग्राम कजलास में एक भव्य आयोजन किया गया। जिसमें खंड के सभी गांवों को कजलास में आमंत्रित किया गया। सभी ग्रामीण ढोल धमाके के साथ राम मंदिर कजलास में एकत्रित हुए और वहां से पूजित अक्षत एक रैली के रूप में अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया। कजलास में अक्षत वितरण आयोजन का आयोजन बड़े ही भव्य रूप में किया गया। श्री राम मंदिर में हवन पूजन के पश्चात क्षेत्र के कथावाचक जयप्रकाश दुबे का आशीर्वाद स्वरुप प्रवचन हुआ। इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने अक्षत किस प्रकार हर घर तक पहुंचे यह योजना विस्तार से बताएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकारवा बाबू सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर, अभियान के संयोजक प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर व ग्राम के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आयोजन को हर घर तक पहुंचे ऐसा दृढ़ निश्चय किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कजलास खंड अभियान, संयोजक प्रखंड से मंत्री यशवंत ठाकुर, खंड अध्यक्ष सह संयोजक अशोक पाटीदार, राम सिंह ठाकुर खंड समरसता प्रमुख, जितेंद्र ठाकुर नगर अध्यक्ष ,पिंटू ठाकुर नगर संयोजक, शिवराज सिंह ठाकुर और आनंद गोयल, ओम प्रकाश गोयल ,जयंत शर्मा ,अंकित सोलंकी, शेखर डूमा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कथा के पूर्व कन्नौद रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा

# कलयुग में मुक्ति के दो ही साधन, एक भजन तो दूसरा राम कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा। कलयुग में मुक्ति के केवल दो ही साधन है। एक तो भगवान का भजन दूसरा राम जी की कथा, बाबा तुलसीदास जी लिखते हैं। कलयुग तरण उपाय न कोई। राम भजन रामायण दोई। ऊक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नया दशहरा मैदान खंडेलवाल ग्राउंड पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के प्रथम दिवस मालवा माटी के संत श्री मिठ्ठू पुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। कथा से पूर्व खेड़ापति हनुमान मंदिर कन्नौद रोड से एक संक्षिप्त कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान भागवत मेवाड़ा द्वारा श्री राम चरित्र मानस को सर पर धारण कर व्यास पीठ पर पंडित अभिषेक शर्मा द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजन कर विराजमान किया।

इसके पश्चात मुख्य यजमान और कथा समिति के सदस्यो द्वारा पूज्य महाराज श्री का शाल, श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर स्वागत किया। आगे महाराज श्री द्वारा श्री राम चरित्र मानस के माहत्म्य पर बड़े विस्तार से प्रकाश डाला। गुरुदेव द्वारा बताया गया कि पूर्व में महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत में रामायण लिखी गई थी जिसमें 100000 श्लोक थे। इसके पश्चात इस कलयुग में गोस्वामी तुलसीदास जी के रूप में बाल्मिक जी का पुनर्जन्म हुआ। और उन्होंने भगवान शंकर की प्रेरणा से श्री राम चरित्र मानस को हिंदी भाषा में लिखा। क्योंकि कलयुग में संस्कृत के जानने वाले बहुत कम लोग बचे हैं। बाबा तुलसीदास जी ने इतनी सरल भाषा में रामचरित्र मानस की रचना की यदि प्रयास करें तो अनपढ़ व्यक्ति भी इसे पढ़ सकता है। आगे संत श्री द्वारा रामचरित्र मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी के संपूर्ण जीवन पर बड़े ही विस्तार से प्रकाश डाला। श्री गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म संवत 1554 ई को उत्तर प्रदेश के यमुना नदी के किनारे बसे राजपुर गांव में आत्माराम दुबे के यहां हुआ। इनकी माता का नाम हुलसी था। बचपन में ही माता का देहांत हो गया। इसके पश्चात इनका लालन पालन उनके नाना जी के यहां हुआ। और जल्दी ही उनकी भी मृत्यु हो गई। फिर इन्हें चुनिया नाम की उनकी दासी ने संभाला और थोड़े दिन बाद वह भी स्वर्ग सुधार गई। तब कहते हैं की साक्षात मां पार्वती ने वृद्ध स्त्री के रूप में इनका लालन-पालन किया। पश्चात भगवान शंकर की कृपा से इन्हें नहरिया नंद जी के रूप में गुरु मिले और उनके आश्रम में रहकर ही इन्होंने सभी वेद ,वेदांत का अध्ययन किया। कालांतर में इनका विवाह रत्नावली नाम की एक सुशील सुंदर कन्या से हुआ। और अपनी पत्नी रत्नावली की प्रेरणा से इन्होंने गृह त्याग कर आध्यात्म का जीवन स्वीकार किया। अंत में 126 वर्ष की आयु संवत 1680 में गंगा नदी के किनारे गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन समाप्त हुआ।

इसके अलावा भी गुरुदेव ने राम कथा के अनेक गुढ विषयों का स्पर्श किया। राम कथा कली विटप कुठारी। सदर सुन गिरी राजकुमारी। भगवान शंकर मां पार्वती से कहते हैं। इस कलयुग में पाप रूपी वृक्ष को काटने के लिए श्री राम कथा रूपी कुल्हाड़ी की अत्यंत आवश्यकता है। राम कथा से ही जीव को शांति प्राप्त होती है। कथा से ही जीवन की व्यथा मिटती है। इसलिए समय निकाल कर भगवान की कथा सुनते रहो। इसके साथ ही क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संगीतकार जगदीश प्रजापति द्वारा गए मधुर भजनों पर श्रोताओं ने भाव विह्वल हो कर नृत्य किया। आज का प्रसाद चैन सिंह महेंद्र सिंह ठाकुर देव कृपा दूध डेयरी नवरंगपुर की ओर से वितरण किया गया।इस अवसर पर सुभाल सिंह मुगली पार्षद तेज सिंह राठौड़, बहादुर सिंह ठाकुर, मधुसूदन परमार ,देवजी पटेल, विक्रम सिंह पटेल, मंजीत राजपूत, राकेश विश्वकर्मा ,गजेंद्र सिंह, भागवत मेवाड़ा राजीव पवार अमन राठौर, श्रीमती दुर्गा राठौर सहित बड़ी संख्या में मात्र शक्तियों उपस्थिति रहीं ।

## बोर्ड की मार्कशीट में खेल के बोनस अंक अलग से लिखेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकंडरी और हाई स्कूल की परीक्षा की मार्कशीट में खेल प्रतियोगिताओं के अंक तो लिखेंगे,लेकिन महायोग (टोटल) में नहीं जोड़े जाएंगे। इन्हें अलग से प्रदर्शित किया जाएगा। इस तरह के निर्देश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिए गए हैं। अधिकारियों से 25 जनवरी तक विद्यार्थियों के खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने संबंधी जानकारी तय प्रोफॉर्मा में मांगी गई है। उपसचिव द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के कैलेंडर के खेलों में अनुमोदित सूची के अनुसार नाम अंकित हो एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित सूची के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी जो हाईस्कूल अथवा हायर सेकंडरी में नियमित रूप से अध्ययनरत रहकर परीक्षा में शामिल हो रहे हैं तथा वर्तमान सत्र में राज्य, राष्ट्रीय, एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं, उन विद्यार्थियों को बोनस अंक दिए जाएंगे। यह अंक मार्कशीट में अलग से प्रदर्शित किए जाएंगे। किसी विषय के साथ अथवा टोटल में इन अंकों को नहीं जोड़ा जाएगा। इसके लिए बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से राज्य, राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों की सूची कक्षावार, विद्यार्थियों के रोल नंबर, ऑनलाइन आवेदन क्रमांक, परीक्षा वर्ष 2024 का प्रवेश पत्र, खेल प्रमाण पत्र सहित दस्तावेजों को प्रमाणित कर निर्धारित प्रोफॉर्मा में 25 जनवरी तक भेजने के लिए कहा है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि मार्कशीट में खेल के बोनस अंक अलग से जुड़ने से इस मार्कशीट का उपयोग विद्यार्थी कहीं भी करेंगे तो उसे अलग से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों की तुलना में खेल के आधार पर उसके प्रतिशत में बढ़ोत्तरी दिखाई नहीं देगी।

